# NIRMALA SHIKSHA BHAWAN HIGH SCHOOL

**ESTD: 1965**

निर्मला शिक्षा भवन
सत्य प्रेम सेवा
शाहपुर, भोजपुर












*VENERABLE MARY WARD*
*THE FOUNDRESS OF THE CONGREGATION OF JESUS (C.J.) (1585-1645)*

*".....that incomparable woman, Whom England, in her darkest and most sanguinary hour, gave to the Church". Pope Pius XII*

*Mary Ward's immortal saying:*

*"Do Good and Do It Well".*
*"Love and speak the truth at all times".*
*"Whatever uprightness you have, so much of other virtues also you have".*
*"Let no day go by, in which you have not heroically conquered yourself".*
*"Show yourself as you are, and be what you show yourself".*

# From The Principal's Desk



*"Do your best and God will do the rest".*

**Written large in the soul of NSB is "It is an honour to work for God" as rightly said by Venerable Mary Ward, the Foundress of the Congregation of Jesus that established and runs Nirmala Shiksha Bhawan High School. During the past 56 years of its active existence, nurtured by women who "work for God" and a highly committed staff who are motivated by Mary Ward's spirit of "Do good and do it well", NSB has spread its rays out to the villages around, bringing hope and transformation in the rural life and society beyond the boundaries of religion, caste and gender. Affordable high quality education, that is the mark of NSB, has made it a favourable educational hub for those parents in this part of rural India, who wish to build up the future of their children.**

**NSB has grown through tough times, believing in the words of Mary Ward "Do your best and God will do the rest". Sailing through the uncertainties of the pandemic that has proved to be particularly tough for every rural school, NSB has strived to reach out to the people around; we have seen silver linings, one such being the publication of the first e-magazine of our school "NSB-Shahpur Ki Shan"..**

**The publication of the school magazine being a dream fulfilled, I express my sincere appreciation for the editorial team, the technical team, and all those who contributed materials for the same. We march forward together, taking NSB to greater heights in the coming days.**

**निर्मला शिक्षा भवन की आत्मा और इतिहास के पृष्ठों पर स्वर्णाक्षरों में अंकित है;- मैरी वार्ड द्वारा कही गई एक सच्चाई "ईश्वर के लिए काम करना एक सम्मान की बात है"| धन्य मैरी वार्ड, जो "कांग्रेगेशन आफ जीसस" समाज की संस्थापिका है, वह संस्था,जिसकी धर्मबहनों द्वारा, निर्मला शिक्षा भवन हाई स्कूल की स्थापना की गई, उन्हीं धर्मबहनों द्वारा इस विद्यालय का संचालन भी किया जा रहा है| बीते 56 सालों से ईश्वर के काम में लगी महिलाएं एवं अतिसमर्पित कर्मचारियों द्वारा परिपोषित , यह शैक्षणिक संस्था आसपास के सभी गांवों में अपनी किरणें फैलाए हुए हैं, जिसके द्वारा धर्म, जाति, लिंग इत्यादि से निर्मित सीमाओं से परे , लोगों एवं समाज के जीवन में आशा एवं परिवर्तन लाते हुए अपना सक्रिय अस्तित्व बरक़रार रखे हुए हैं | गुणवत्तापूर्ण शिक्षाशास्त्र के प्रस्ताव से, यहां के ग्रामीण भारतीयों के लिए, जो अपने बच्चों के सुशोभित भविष्य को सुनिश्चित करना चाहते हैं, निर्मला शिक्षा भवन उच्च विद्यालय एक पसंदीदा शैक्षणिक क्षेत्र बना रहता है| धन्य मैरी वार्ड के कथन " अपनी पूरी कोशिश करो और बाकी ईश्वर करेंगे", पर अटल विश्वास करते हुए , निर्मला शिक्षा भवन, कई कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी आगे की ओर अग्रसर है | करोना से बनी अनिश्चितता, विशेष रूप से ग्रामीण विद्यालयों के लिए कठोर रही है परन्तु दृढ़ निश्चय के बाद, आसपास के लोगों, विशेषकर हमारे विद्यार्थियों तक सेवा पहुंचाने में हम समर्थ रहे हैं | हमारा विद्यालय परिवार, इस कठिन समय में, अभी भी उम्मीद की कई किरणें देख रहा है, जिसमें एक है हमारे विद्यालय की पहली ई-पत्रिका - "निर्मला शिक्षा भवन - शाहपुर की शान " का प्रकाशन |**

**इस पत्रिका के प्रकाशन के सपने को साकार करने के लिए , सम्पादकीय समूह , तकनीकी समूह और पत्रिका के लिए उच्च कोटि की सामग्री उपलब्ध कराने में योगदान करने वाले सभी व्यक्तियों ने एक साथ मिलकर काम किया है | मैं सभी को बधाई देती हूँ | मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह पत्रिका पाठकों समेत सभी के लिए फलदायी एवं उपयोगी साबित होगी |**

Sr. Bindhu C. J.
Principal NSB ,*Shahpur*




"If you want to shine like a sun, first burn like a sun "

**A.P.J.Abdul Kalam**

**Dear Readers of 'NSB – Shahpur ki Shan',**

**It is with much joy and satisfaction, that I am presenting this E-Magazine to you. It was the long cherished desire of Sr. Bindhu, the Principal of NSB to bring out a school magazine, but couldn't be done so, due to the unfortunate pandemic, which turned all our lives upside down, causing the long lock-down of everything, including schools. For the same reason, we are unable to include our younger children giving them an opportunity to be equal participants in this magazine. We hope to do better in the coming years.**

**In spite of all the odds, we succeeded to encourage some of the students to write the articles and other materials, which you will find inside the pages of this magazine. The medium of the school being bi-lingual, the magazine too is bi-lingual.**

**This institution has stood the test of time for the last sixty plus years, giving a good opportunity to the children of the neigbouring villages, where girls' education was not considered important at all. The insistence of the policy of NSB that every parent who wants to admit a boy in the school should bring a girl too, has produced much result. Thus NSB has become a boon to the people around and the name of the magazine 'NSB - Shahpur Ki Shan' – the 'Glory of Shahpur' has proved its worth, as we have produced a large number of educated people in and around Shahpur, helping them to place themselves in prominent places and jobs.**

**I am deeply grateful to Sr. Bindhu, for the trust that she placed in me to do this job, in spite of all the difficulties of lockdowns and the absence of students in the school. Her help and constant support was with me and the team all along.**

**I am very happy with the team with whom I worked constantly. The technical team headed by Sir Pradeep and assisted by teachers, Md Safir, Mr. Abhay, Mr. Sushil, Mr. Govind, and Ms. Saroj. Their interaction with one another and me has brought this magazine into the light of the day.**

**The editorial team consisting of, Mrs. Rita, Mrs. Manjusha, Mrs. Shikha, Miss Ashrita, Sir Manish and Sir Prakash, worked really hard. Your work, encouraging the students to write articles, collecting them, reading, selecting, typing etc. took a large amount of time from you. This magazine is a proof of your successful work.**

**My heartfelt gratitude to Sr. Jane, the Manager, who has supported the cause this magazine and was ready with any and every help, whenever it was required.**

**Finally I like to express my gratitude to all the teachers, who most willingly gave all the support for this magazine in various ways. Once again thanks to everyone.**

Sr.M. Andrea C.J.
Chief Editor,
For, 'NSB - Shahpur-ki-Shan'.

## Manager's Message



***"Do good and do it well" Mary Ward***

**My heart is filled with joy and gratitude as I sit here to pen a few lines for the E-Magazine – "NSB -Shahpur-ki-Shan". The launching of this magazine, is a dream come true. NSB's first E-Magazine takes us back to that golden moment of 1953, when it all began with the arrival of the CJ sisters in Shahpur and takes us step by step through the past 68 years of its forward march. Keeping in mind the all-round development of every child who walks into the portals of this school, NSB has been trying to form them to be responsible citizens who are ready to be at the service of God, society and the nation at large. Congratulations to the Editorial team, for you have noted every single growth of NSB.**

**When we look back at all those past years, we can clearly see, the fulfillment of Mary Ward's Maxim: "Show yourself at all times, glad and joyful, for Almighty God loves a cheerful giver". It is a feast to the eyes, to see the happy and cheerful teachers and students, moving on the corridors of this temple of learning.**

**With God's blessings and dedicated services of the sisters, teachers and non-teaching staff members and the good wishes and cooperation of all our well-wishers and parents, NSB has achieved great success. My best wishes to NSB for further growth, and every success to 'NSB – Shahpur –ki-Shan'.**

**"All for the greater honour and glory of God."**

Sr. Jane C. J.
Manager NSB , Shahpur



# NSB STAFF



First row :- Mr. Ajit Kumar Pathak, Mr. Vishvanath, Mr. R. S. Dubey , Sr. Jane C.J. , Sr. Bindhu C.J., Sr. Andrea C.J., Mrs. Rita Singh , Sr.Ida C.J. ,Sr. Flavian C.J. , Sr. Carmel C.J.,

Second row:- Mrs. Poonam , Ms. Reshma , Ms. Ashrita , Mrs. Renu , Mrs. Shikha Upadhyay , Mrs. Pratima , Mrs. Anjana ,Ms.Anita , Mrs. Arti , Mrs. Saroj , Mrs. Jyoti, Sr. Eblin C.J.

Third row :- Mr. Aman Kumar , Mr. Amit Kumar , Mr. Pramod Upadhyay, Mrs. Hema Singh , Mrs. Laxmi , Ms.Indu, Ms. Nirmala, Ms. Madhu , Ms.Pushpa ,Ms. Ankita , Sr. Roshmila C.J.

Fourth row:-Mr.Prakash K. Ojha , Mr. Manish Ojha ,Mr. Dipu Sah , Mr. Sushil Prasad , Mr. Pradeep Kumar , Mr. Abhay Kumar Bhatt , Mrs. Manjusha ,Mrs. Martha , Mrs.Savitri ,Mrs. Veronica ,

Fifth row:- Mr. Shiwajee Prasad , Mr. Satya Prakash Masih ,Md. Safir , Mr. Tejesh Pandey , Mr. Sanjay Kumar Singh Mr. Hareram Nirala ,Mr. Shailendra Singh

## NSB SUPPORT SYSTEM



## Editorial team



## Technical Team



## Supporting Staff



# निर्मला शिक्षा भवन उच्च विद्यालय, शाहपुर

## एक संक्षिप्त सिंहावलोकन

शाहपुर-बनाही मार्ग पर छलका नामक स्थान में पूर्णरूप से प्रकृति की गोद में स्थित निर्मला शिक्षा भवन विद्यापीठ है, जिसका संक्षिप्त परिचयात्मक विवरण निम्नलिखित है |

निर्मला शिक्षा भवन (NSB) कांग्रिगेशन ऑफ जीसस के नाम से जाने वाली संस्था, जिनकी संस्थापिका धन्य मेरी वार्ड हैं, उसी संस्था द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान है | 1609 ई॰ में स्थापित कांग्रिगेशन ऑफ जीसस (C.J) नामक धार्मिक संस्था का लक्ष्य है, शिक्षा को बढ़ावा देना, विशेष रूप से बालिका शिक्षा को प्राथमिकता देना, जो उस समय के समाज में दुर्लभ था| इस संस्था के सदस्य CJ सिस्टर्स के नाम से जानी जाती हैं जो विश्व भर के कई देशों में शिक्षा,स्वास्थ, समाज सेवा और पर्यावरण की रक्षा जैसे क्षेत्रों में अपनी सेवा दे रही हैं |

इस महान अगुवा धन्य मेरी वार्ड की दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए 1965 ई॰ में निर्मला शिक्षा भवन की शुरुआत की गई| ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु स्थापित संस्था बिहार राज्य के भोजपुर जिला के शाहपुर गांव में कार्यरत है, जो बक्सर धर्मप्रांत के अंतर्गत स्थित है| शाहपुर क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ की जरूरत को देखते हुए उसकी पूर्ति के लिए ही इन धर्मबहनों को फादर पोलार्ड ये.स. के द्वारा बिशप स्वामी से विशेष आग्रह करके शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे अमूल्य सेवा का भार सौंपने के लिए आमंत्रित किया गया | उनके आमंत्रण पर 21 दिसम्बर 1953 को, तीन कर्मयोगी सिस्टर्स, सिस्टर जेराल्दा, सिस्टर अलिपिया और सिस्टर प्रिस्का, शाहपुर की जनता की सेवा के लिए यहाँ आईं |

निर्मला शिक्षा भवन के पूर्व इस विद्यापीठ का नाम 'कुमारी मरियम पाठशाला' था | परिस्थिति के मांग के अनुसार 15 मार्च 1965 ई॰ में श्रद्धेय फादर पोलार्ड ये.स. द्वारा निर्मला शिक्षा भवन की नींव डाली गई | प्रारंभ में विद्यालय में वर्ग के॰जी से वर्ग सात तक की शिक्षा दी जाती थी| आधुनिकता से कदमताल मिलाते हुए विद्यालय में 2003 से प्रधानाध्यापिका सिस्टर आभा CJ के नेतृत्व में कंप्यूटर शिक्षा का शुभारम्भ किया गया | अभिभावकों एवं क्षेत्रीय जनता तथा विद्यालय के शिक्षकों के अनवरत मांग पर 2006 में प्रधानाध्यापिका सिस्टर क्लारिस CJ के द्वारा हाई स्कूल की पढ़ाई प्रारंभ की गई| इसी क्रम में विद्यालय की तत्कालीन प्रधानाध्यापिका के अथक प्रयास से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त की गई तथा तीन साल बाद प्रस्वीकृति भी प्राप्त हुई | उनके ही सौजन्य से माननीय अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विद्यालय को अल्पसंख्यक विद्यालय के रूप में मान्यता देते हुए प्रमाण पत्र निर्गत किया गया| प्रधानाध्यापिका के रूप में विद्यालय को सिस्टर हिल्देगार्ड सी.जे., सिस्टर तारसिसिया सी.जे., सिस्टर लेतिश्या सी.जे., सिस्टर फुल्जेंसिया सी.जे., सिस्टर रिनाता सी.जे., सिस्टर दोरिन सी.जे., सिस्टर लूसी सी.जे., स्मृतिशेष सिस्टर सावियो सी.जे., सिस्टर रोसीता सी.जे. सिस्टर आभा सी.जे., सिस्टर क्लारिस सी.जे., सिस्टर शोभना सी.जे., ने सेवा-जल से सिंचित किया; वर्तमान में यह विद्यालय प्रधानाध्यापिका सिस्टर बिंदु सी.जे. की नई ऊर्जा से आप्लावित हो रहा है | दशम वर्ग की माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी में रहता है | शिक्षा के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान से विद्यालय शाहपुर के गौरव में चार चाँद लगाते रहा है |

अपने सर्वांगीण विकास कार्यक्रम का निर्वहन करते हुए विद्यालय छात्रों का बहुमुखी विकास करता रहा है |नैतिक, अध्यात्मिक, बौद्धिक मूल्यों की शिक्षा देकर यह विद्यालय इस क्षेत्र को पल्लवित एवं पुष्पित कर रहा है | इस विश्वास के साथ कि शिक्षा सामाजिक रुपांतरण का एक सशक्त कारक है, हम महिला सशक्तिकरण और बच्चों में आवेग के साथ न्याय का अर्थ धार्मिक उदारता, सहानुभूति और प्रेम के निर्माण की और आगे बढ़ रहे हैं |

युग की पुकार और अभिभावकों की मांग को देखते हुए, विद्यालय का एक नया प्रभाग अंग्रेजी माध्यम का शुभारंभ 2009 में किया गया जिसका शुभोद्घाटन तत्कालीन प्रोविंशियल सिस्टर कार्मल CJ के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ| अंग्रेजी माध्यम का प्रथम बैच 2021 में माध्यमिक परीक्षा में शामिल होने जा रहा है|

अंततः विद्यालय इस क्षेत्र में शिक्षा के अखंड दीप को आलोकित करता रहे- इसी अदम्य विश्वास के साथ विद्यालय क्षेत्रीय जनता के समग्र विकास हेतु मंगल कामना करता है |


विश्वनाथ सर


रमाशंकर दुबे सर

# Ex. Principals of Nirmala Shiksha Bhawan High School , Shahpur



Sr. Hildergard C.J.



Sr. Tarsicia C.J



Sr. Laetitia C.J



Sr. Renata C.J.



Sr. Doreen C.J.



Sr. Lucy C.J.



Late Sr. Savio C.J.



Sr. Rosita C.J.



Sr. Abha C.J.



Sr. Clarice C.J



Sr. Shobhana C.J



Sr. Bindhu C.J.
(Present)

# निर्मला शिक्षा भवन



## N.S.B

1.N - निर्मल बच्चे (बाती)

2.S - सेवा रूपी शिक्षा (तेल)

3.B - प्रेम रूपी विद्यालय (दीपक)

निर्मल बाती, सेवा रूपी शिक्षा का तेल |
प्रेम रूपी दीपक, इन तीनों का मेल ||
{{ निर्मला शिक्षा भवन }}

**अर्थ:** प्रेम रूपी दीपक (विद्यालय) में, सत्य रूपी निर्मल बाती (बच्चे) को लगाकर, सेवा रूपी शिक्षा अर्थात तेल को डालकर, विश्व में प्रेम का प्रकाश भर देना ही, हमारे विद्यालय (N.S.B) का एक मात्र उद्देश्य है|

सावित्री कुमारी (शिक्षिका)





# A Teacher

We often hear that 'school life' is the best time of our life. But we seldom realize that our teachers have a real role to play in our school life. Teachers are the ones who work harder than us to build our future.

When I look back at my school years, I realize that without my teachers' help I would not have been where I am now. Our teachers not only teach us different subjects, but also, instill in us humant values; they motivate us, encourage us and help us to see our goals more clearly. A teacher truly educates us which is the key to success and happiness. Thus our teachers play a vital role in every student's life.

At times the teachers correct us, punish us and challenge us. Behind all these the teachers' aim is our betterment. It is the teachers who teach us the value of a pen and a book.


Therefore the teacher is greater than both. I would like to express my gratitude to you my dear teachers, but words are not sufficient for it. I shall try to become the person you want me to be.

Perhaps that will be the right way to show my appreciation of you.

" हम बच्चे से हो गए इतनें बड़े
ये न जान पाए कि माँ - बाप....
के आलावा हैं कोई जिन्होंने भी जीना सिखाया
सलाम करते हैं हम उन्हें
जिन्होंने हमें आगे बढ़ना सिखाया" |



NEDA AKHTAR
Class -**IX C**



## Speak these 5 lines
## To yourself every morning

- **I am the Best**;
- **I can do it**;
- **God is always with me**;
- **I am a winner**:
- **Today is my day**.

---Late Dr.APJ ABDUL KALAM



Inserted by
**PRINCE KUMAR YADAV**
**Class : V/ C**



**Neha Kumari**
**Class:-V/C**



# मेरे प्रिय शिक्षक का सन्देश

मैं विक्की राज वर्ग 9'A' का छात्र हूँ | मैं आपका वक्त जाया किए बिना सीधे अपने मुद्दे पर आता हूँ | मेरे प्रिय शिक्षक जिनका वास्तविक नाम प्रकाश ओझा है, परन्तु सभी शिक्षक एवं छात्र उन्हें प्यार से प्रकाश सर बुलाते हैं| चलिए, मैं उनकी और अधिक प्रसंशा न करके अपने इस विचार को व्यक्त करने का मूल कारण बताने का प्रयास करता हूँ|

एक बार की बात है, जब मैं वर्ग 8 में था, तब हर दिन कुछ छात्र शायद पांचवी या सातवीं घंटी में, मुझे ठीक से याद भी नहीं, मिलकर उस घंटी में पढ़ाने वाले शिक्षक को परेशान करते थे | इसके कारण उस घंटी के शिक्षक काफी असुविधा महसूस करते थे | बार-बार यह गलती कुछ छात्र लगातार करते थे | जैसा कि कहा जाता है कि "जौ के साथ घुन भी पिसता ही है" वैसे ही हाल हमारे वर्ग के छात्रों का था; कुछ छात्र गलती करते थे परन्तु बदनाम सभी छात्र होते थे | उस वर्ग में हमलोग छः माह बिता चुके थे | फिर एक दिन उस शिक्षक को परेशान करते हुए, कुछ छात्रों को, प्रकाश सर ने देख लिया | फिर क्या था, अगले ही दिन उन्होंने हमारे वर्ग के सभी छात्रों को बुलाया और कहा - "कोई भी व्यक्ति या छात्र ही चाहे वह पढ़ने में कितना भी तेज क्यों न हो या फिर बहुत पढ़ कर कोई  विशेष डिग्री ही क्यों न प्राप्त कर चुका हों, वह व्यक्ति तबतक सफल नहीं होगा जबतक कि उसमें अनुशासन, सदाचार, बड़ों के प्रति आदर तथा अपने से छोटों के प्रति स्नेह न हो" |

निष्कर्षत:- किसी भी व्यक्ति के सफलता के पीछे उसका दूसरों के प्रति आदर की भावना, सदाचार, गुण तथा अनुशासन के पालन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है | इन सभी व्यक्तिगत गुणों के बदौलत वह व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त करता है | जिस व्यक्ति में ये सभी गुण न हो वह जितना भी प्रयास कर ले, वह कभी सफल नहीं होगा यानि कि हमेशा उस व्यक्ति को असफलता ही प्राप्त होगी|

"हर सफल व्यक्ति बड़ा नहीं होता, सफलता ही उस व्यक्ति को बड़ा बना देती है|"

**Vikky Raj**
**Class – 9 /A**





**Tinku Kumar**
**Class : III/C**



# मेरे पापा

बचपन में हर बार बाजार से खिलौने लाते,
बिना कहे हर मांग पूरी करते,
भाई बहनों पर गुस्सा भी करते,
फिर बाद में आँसुओं को भी पोंछते,
ऐसे संवेदनशील है मेरे पापा ||

हर बार मेरी पढ़ाई का खर्चा उठाते,
महंगी से महंगी चीज को भी दिलाते,
कभी 'ना' नहीं कहते,
पर खुद चार साल पुराना जूता पहनते,
ऐसे संतोषी हैं मेरे पापा ||

एक तरफ क्रिकेट का आनंद उठाते,
तो कभी कबीर के दोहे गुनगुनाते,
कभी खाना बनाना सीखाते,
तो कभी बागवानी करते दिख जाते,
ऐसे कलाप्रेमी हैं मेरे पापा ||

ऐसे हर तकलीफ पर मरहम लगाते,
और खुद अनेक कष्टों को सहते,
मुझे दुनिया का सामना करना सीखाते,
और एक बेटी की मर्यादा भी समझाते,
ऐसे महान दयावान है मेरे पापा ||

विजय लक्ष्मी पाण्डेय
वर्ग :- 10/C

# हंसी का खजाना



- एक सज्जन ने एक कुत्ता ख़रीदा । उसने कुत्ते के मालिक से पूछा -'यह कुत्ता वफादार तो होगा ही?' मालिक बोला- 'यह अव्वल दर्जे का वफादार है, तीन बार इसे बेचा; तीनों बार भागकर यह मेरे पास चला आया।
- जेलर (भिखारी से) - तुम्हें सड़क पर इस तरह घूमकर भीख मांगने में शर्म नहीं आती ?
  भिखारी - तो क्या साहब ! भीख मांगने के लिए मैं दफ्तर खोलकर बैठूँ ?
- पिता- अरे सुनती हो ! इस पुस्तक में लिखा है कि जिनके पिता मूर्ख होते हैं, उनके बच्चे विद्वान होते हैं और जिनके पिता विद्वान होते हैं, उनके बच्चे मूर्ख होते हैं ।
  पत्नी- अगर यह सच है तो चलो एक चिंता तो खत्म हुई, अपना बेटा विद्वान बनेगा ।
- टीचर स्टूडेंट से - सबसे ज्यादा विटामिन-सी किस में पाया जाता है ?
  स्टूडेंट - मिर्ची में ।
  टीचर - कैसे ?
  स्टूडेंट - जब हम मिर्ची खाते हैं तब सी-सी की आवाज करते हैं।
- माँ - 'तुमने मास्क क्यों नहीं पहना ?
  बेटी - फिर तुम्हें पता कैसे चलेगा कि मैं मुंह फुलाकर बैठी हूँ कि नहीं?
- बेटी - चलो बताओ माँ, ऐसी कौन सी ड्रेस है, जो पहन नहीं सकते ?
  माँ -Address.
- एक लड़की समोसा के अन्दर के मसाले खा रही थी| तभी उसके दोस्त ने कहा - तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रही? वह बोलती है कि उसे डॉक्टर ने बाहर की चीजें खाने से मना किया है |

संग्रहण
Jyoti Kumari
Class : VI/C



# नन्ही परी



ख्वाबों की दुनिया सजाये, फिर एक नन्ही परी आई |
उसे क्या पता............ औरों के लिए दुखों की गठरी आई|
शायद उसने ठीक से चलना भी ना सीखा होगा
घर वालों को शादी की चिंता सतायी
तभी से मां पैरों के लिए पायल (जंजीर) बनाई
बापू ने बैंकों में चक्कर लगाया
शिक्षा से भी उसका प्यारा नाता था
उम्र और किताबों के साथ बंदिशों ने भी खोला छाता था
जिंदगी के इस अनोखे सफर में आया एक ऐसा मोड़
जहाँ रास्ते तो बहुत थे............. पर सब ने दिया हाथ छोड़
आखिर वह घड़ी आ ही गयी जिसे लोग कहते हैं विदाई
वो ही जानती है कि शायद यह कितनों से भी है उसकी जुदाई
बंदिशों के नगर में एक बार फिर स्वागत है तुम्हारा
फिर भी मुस्कुराओ, अन्यथा रोना तो जन्म सिद्ध अधिकार है तुम्हारा
पर्दे और दायरे दो भाइयों के साथ, अब तो जीना था जीवन
मुश्किलें हो या खुशियां सबमें देना है अपनों का साथ अब यही था जीवन
अपने सपने विलुप्त हो गए अब औरों के सपने में था जीना
मायका या ससुराल औरों के रास्तों पर चलना..... ऐसा जीना भी क्या जीना |
बन कर आई थी नन्ही परी....... उम्मीदों से भरी.......
अपनों के लिए जिया..... अपने लिए जीना समझा नहीं जरूरी

अंजलि कुमारी
Class : VIII/B

- ✓ मच्छर का प्रिय रंग नीला होता है, वे इस रंग पर ज्यादा आकर्षित होते हैं |
- ✓ बच्चा जब पैदा होता है तो उसके शरीर में एक भी बैक्ट्रियाँ नहीं होता है |

# F.M.W शाहपुर



**निर्मला शिक्षा भवन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण पृष्ठ तब जुड़ गया जब 18 जनवरी 2020 के दिन हमारे स्कूल में फ्रेंड्स ऑफ मेरी वार्ड के एक शाखा की शुरुआत, संत जोसेफ हाई स्कूल, जेतूली की अध्यापिका श्रीमती अर्चना शर्मा एवं उनके सहयोगियों द्वारा की गई |**

## कौन हैं, Friends of Mary Ward ?

**NSB जैसे विद्यालयों, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों, सामाजिक सेवा संस्थानों इत्यादि जो दुनिया के विभिन्न देशों में संचालित है, उन्हें चलाने वाली संस्था अर्थात CJ (Congregation of Jesus) समाज/संस्था, की संस्थापिका है, धन्य मेरी वार्ड, जिनका जन्म 1645 ई में**



**इंग्लैंड में हुआ था | उन्होंने ईश्वरीय प्रेम एवं सामाजिक सेवा की भावना से प्रेरित होकर, Congregation of Jesus (CJ) नाम की संस्था की स्थापना की, ताकि उनके जैसी सेवा भावी महिलाएँ एक साथ आए और काम करें | ऐसी महिलाएं एवं पुरुष, जो धन्य मेरी वार्ड से प्रेरित होकर उनकी सेवा कार्यों में भाग लेना चाहते हैं, लेकिन कई कारणों से उनके द्वारा स्थापित संस्था में नामांकन नहीं करा पाते हैं, उन्होंने मिलकर एक अनौपचारिक ग्रुप बनाया जिसका नाम है FMW, जो दुनिया भर के कई देशों में फैला है | 18 जनवरी 2020 का दिन जब FMW की NSB शाखा 25 शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ शुरू की गई, तब श्री रमाशंकर दुबे, श्री मनीष कुमार ओझा, और मोहम्मद सफीर को क्रमशः, अध्यक्ष, सचिव एवं वित्तीय लेखा का प्रभार सौपा गया |**



**कोरोना काल में इनके कुशल नेतृत्व में यह नवजात संस्था कई सामाजिक सेवा कार्यों में तन, मन और धन से लगी रही | कोरोना से बचाव हेतु FMW के सदस्यगणों ने मिलकर विद्यालय के आस - पास के 16 गाँवों में कोरोना जागरूकता कार्यक्रम चलाया तथा स्कूल से मिल - जुल कर, लगभग दो महीने तक प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले काढ़ा , जीवन रक्षक मास्क इत्यादि का वितरण भी किया; इस कार्यक्रम से**



**करीब 1500 लोग लाभान्वित हुए | साथ ही साथ इस ग्रुप ने हमारे स्कूल की संदिग्ध कैंसर पीड़िता एक महिला अभिभावक के लिए सरकार प्रायोजित चिकित्सीय सहायता एवं सदस्यों द्वारा वित्तीय सहयोग भी दिया | साथ ही इस ग्रुप ने जरूरतमंद बच्चों की पढाई में भी मदद की |**

उल्लेखनीय है कि इस ग्रुप में कई ऐसे उदार सदस्य भी है, जिन्होंने इस कोरोना काल में अपने पूरे महीने का वेतन दान में दिया, जीवन रक्षा हेतु रक्त दान भी किया, कोरोना काल में अपने स्वास्थ्य की परवाह न करते हुए अपना बहुमूल्य समय निकालकर सेवा हेतु अस्पताल और गाँवों में घूमें और अपने आदर्श यानि धन्य मेरी वार्ड का अनुसरण करते हुए समाज सेवा की | साथ ही साथ इस नवजात ग्रुप ने दूसरे FMW शाखाओं के साथ मिलकर, मेरी वार्ड से जुड़े प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और पुरस्कार भी प्राप्त किया | नए साल में यह समूह नई उम्मीदों को लेकर, कदम-से-कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा हैं | धन्य मेरी वार्ड सदा हमारे साथ रहें, हमारे आदर्श और प्रेरणा स्त्रोत के रूप में |



FMW शाहपुर



## मेरी प्रेरणा

क्या दिन था ! क्या दृश्य था ! क्या पावन सुहाना समय था!
जब आपने इस धरती पर पधारा था|
ईश्वर आपको सभी सुंदर गुणों से नवाजे थे,
पुत्री के रूप में आपको पाकर मर्माडीउक हुए राजा थे|
इतनी छोटी सी उम्र में ईश्वर से ऐसे जुड़ी,
जैसे छोटा बच्चा अपने मनपसंद खिलौने से जुड़ता है|
छोड़ कर सभी काम अपने खिलौने से खेलता है|
आपने ईश्वरीय पुकार को पूरे मन से सुना,
धन्य है मेरी वार्ड जिसको ईश्वर ने चुना|
क्या जरूरी है? क्या चाहिए? और क्या करना है?
आपने सोचा हर बुराई से लड़ना है और जीतना है|
भलाई, प्रेम और बालिका शिक्षा के महत्व को बतलाया,
आपने ही तो मुझे, मेरे जीवन का सही मार्ग दिखलाया|
हर पल, हर क्षण ईश्वरीय कार्य करती रहीं,
अपने विचारों और संदेशों से सबका कल्याण करती रहीं|
बुराई ने आपको तोड़ने का हर संभव प्रयास किया,
लेकिन आपने तो दृढ़निश्चयी होकर सारे कार्यों को किया|
आपके जैसा पूर्ण रूप, शायद मैं ना बन पाऊँ,
लेकिन कोशिश यही रहेगी, आपके रास्ते पर चल पाऊँ |

शिखा उपाध्याय
शिक्षिका

# मेरी वार्ड



मेरी वार्ड की कीर्ति अलौकिक,
सारे जग में छाई रही है|
होके कृतार्थ आज यह दुनिया,
कीर्ति का गुण गाए रही है||
शिक्षा की ज्योति जला कर सबको,
ज्ञान का मार्ग दिखाई रही है|
सत्य और प्रेम, ईश्वर का रूप है,
यह मूल मंत्र बताई रही है||
नारी शिक्षा को बल देकर,
मुक्ति का नव मंत्र बताई|
नानी से प्रार्थना को पाकर,
प्रार्थना में ही जीवन बिताई||
सेवा में ईश्वर को पाना,
सबको युक्ति यही बताई गई है|
यीशु मरियम की सच्ची पुजारिन,
भक्ति में ही जीवन बिताया||
सेवा जहाँ, वहाँ ईश्वर का वास है,
सारे जग को संदेश सुनाया|
सेवा व्रत बहुत कठिन है,
फिर भी इसे अपनाई गई है||

**Rama Sankar Dubey**
**Teacher**



## The Magic of “1089”


**Do the following and see the magic:**

- Take any 3 digit number in decreasing order , For Example: 876
- Write the same in the reverse order : 678
- Subtract second number from the first : 876 - 678 = 198
- Again reverse the Answer: 891
- Add the two numbers. 198 + 891 = The answer is : “ 1089”.

  Clever, isn’t it?

**Try it with any 3 digits number with the decreasing order !!!**

**SHASHWAT**
**Class: VII / C**





**Nidhi Kumari**
**Class : V/C**



# Stirring Thoughts

Mind is attracted towards temptations,
Pulled towards negative thoughts,
To conquer these enemies,
Leave your comfort zones.

When you fail, remember your dream,
Towards which you have to sail
Load Your boat,
With courage, intelligence, determination,
Don't be afraid - light is near.


The waves will come, high and tough,
Churning your thoughts, tossing you to sink.
Making you feel how cursed you are,
Do not give up it is testing time,
Stand by your dream.

See the two paths before you: to quit or to fight.
Trust your confidance and courage .
Aim for the heights, put your best foot forward
Believe in yourself, listen to your inner voice.

Destructive thoughts might discourage you,
But you have the potential to reach your dream.
Do not compare yourself with anyone
Believe in yourself ,
Keep to your paths straight ahead.

Attractive temptations may block your way,
May divert your thought with distractions
But keep your focus on your aim
You will reach your goal,
Find your dream come true.

ASTHA KUMARI
Class : X/ C






Anushka Vaishnavi
Class : IX/C



# PUBG???

Player Unknown Battle Ground (PUBG) is a multiplayer battle royal on-line video game. This game was released in December, 2017. Almost all the children all over the world with a mobile access have played this game. This is a compelling and time consuming game, but for the player the time flies by as they are fully engrossed in the game.

Playing it becomes an addiction, almost like an incurable disease; once one is captured by it, it is very difficult to give up. This game has attracted a large number of students and many have subscribed for it. Often the students get caught up with it and the parents cannot make the child give it up. They lose their mind, time and money.

Many countries have banned this game as this is affecting the brain of the children adversely. There were incidents of the addicted children trying to commit suicide when the game could not be completed successfully.

According to me this game destroys the mind of the students and it is a waste of time. Hence, parental guidance and control of the use of smart phones is very necessary to prevent the students from accessing harmful and dangerous materials in smart phones.

What is important for a student is to play out-door games, gain energy and physical strength. It helps us to build up our mind and body and develop our brain; it helps us to study better and do our household work satisfactorily.

**Abhishek Yadav**
**Class : VIII/A**

- ✓ काली बिल्ली को जापान में भाग्यशाली माना जाता है।
- ✓ दाल-भात - यह पूरे भारत में लोकप्रिय व्यंजन है, लेकिन इसकी शुरुआत नेपाल में हुई थी।

# हमारा विद्यालय



विशाल है आकार उसका,
दूर से ही दर्शन हो जाए,
उत्तम शिक्षकों के साया में,
हम मिलजुलकर पढ़ते आएं | |1||

निर्मित हुआ सन् 1965 में ही,
निरंतर विकास होता जाए,
अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु,
हम मिलजुलकर पढ़ते जाएं | |2||

हैं यहाँ पूरा समाधान,
जो कमी है, पूरी होती जाए,
दृढ़ निश्चय के साथ,
हम मिलजुलकर पढ़ते जाएं| |3||

है विद्वान शिक्षक यहाँ के,
विद्या संग कला सिखाते आए,
शांति से परिपूर्ण माहौल में,
हम मिलजुलकर पढ़ते आए| |4||

है यहाँ कठोर अनुशासन,
उल्लंघन कोई कर ना पाए,
पूर्ण आस्था के साथ,
हम मिलजुलकर पढ़ते जाएं |5||

हमें चमकना है सितारों के समान,
यह बात गुरु सिखाते आएं,
अपनी पूर्ण योगदान के कारण,
हम मिल जुलकर पढ़ते आएं | |6||

है यहाँ आधुनिक शिक्षा की व्यवस्था,
क्रीड़ा को हम भूल न पाएं,
शुद्ध वात के वातावरण में,
हम मिलजुलकर पढ़ते जाएं | |7||

अतिआकर्षक हैं फूल-पेड़ यहाँ पर,
जो देखे वह भूल न पाए,
पेड़-पौधों की छाया में
हम मिलजुलकर पढ़ते जाएं| |8||

यह प्रांगण है कर्मवीरों का,
कर्मवीर हम बनते जाएं,
अपनेपन की भावना से,
हम मिल जुलकर पढ़ते आएं,
हम मिलजुलकर पढ़ते जाएं | |9||

**Muskan Khatoon**
**Class : 9B**

## भूल

*जो भूल कर भूल जाए उसे नादान कहते हैं|*
*जो भूल करता है, उसे इंसान कहते हैं|*
*जो भूल करके मुस्कुराए उसे शैतान कहते हैं|*
*जो भूल पर भूल करता रहे उसे मूर्ख कहते हैं|*
*जो भूल से सीखे उसे बुद्धिमान कहते हैं|*
*जो कभी भूल ही ना करे उसे भगवान कहते हैं|*



Arpita Kumari

Class : X/C



# Girl – A 'Parayadhan'



The girl inside me keeps awake at night,
When the world at night keeps sleeping,
When the world awakes, it is ready to fight with the girl inside me,
Because I am only a girl, a 'parayadhan'  - they call me.


Often anguish and pain are mine, as they hurl abuses at me,
Hurt and grief, I live with, because I can't fight back,
Pain, I hide under a forced smile,
Because I am a girl, a 'parayadhan'.

The girl in me cries and bellows her heart into the pillows,
No one sees the tears of that girl in me,
The girl in me is trapped inside, no light shines for her,
When will the girl in me, be not a 'parayadhan'?

The girl in me is older now, yet the bitter pain grew with her
The thought so terrible haunts her still,
A daughter turned a wife, to be a mother
Truly are all the girls meant to be a 'parayadhan' for ever …….?

Nights and days are the same for the girl in me.
Yet 'worry not' says the soul in her,
Everything will pass and time will heal,
Says the soul within the girl, the 'parayadhan'

RICHA KUMARI
Class :X /C






Roli Kumari
Class : IV/C



## हमारा विद्यालय

हमारे विद्यालय का नाम “निर्मला शिक्षा भवन” है| इस विद्यालय का भवन भव्य है एवं यहाँ उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान की जाती है| हमारे विद्यालय में दो कंप्यूटर प्रयोगशालाएँ,एक विज्ञान प्रयोगशाला, एक पुस्तकालय एवं शिक्षकों को बैठने के लिए दो स्टाफ रूम भी हैं| विद्यालय में बड़ा-सा खेल का मैदान है, जिसके एक किनारे पर छोटे बच्चों के खेलने के लिए एक छोटा सा पार्क भी है| हमारे विद्यालय में साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण का सदैव ध्यान रखा जाता है| यह विद्यालय U आकार में दिखाई देता है| यहां लगभग 60 कमरे हैं तथा प्रत्येक कमरे में सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं, जिससे महत्वपूर्ण गतिविधियों का अभिलेख रखा जा सके| यहाँ बच्चों के लिए हर प्रकार की सुविधा दी जाती है | यह विद्यालय अनुशासन का प्रतीक है और हमारे क्षेत्र में गौरव के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में जाना जाता है |

**रोहित कुमार चौहान**
**कक्षा 5A**



## प्रेरक श्लोक

**सत्येन रक्ष्यते धर्मो, विद्या योगेन रक्ष्यते।**
**मृजया रक्ष्यते रूपं, कुलंवृतेन रक्ष्यते।।**
**---- सुभाषितानि**

**अर्थः-सत्य से धर्म की रक्षा होती है, अभ्यास से विद्या की रक्षा होती है। उबटन से रूप की रक्षा होती है, आचरण से कुल की रक्षा होती है।**

**Anjali Kumari**
**Class : VIII/B**





**Preeti Kumari**
**Class : IX/C**



# सर्पदंश और अन्धविश्वास






रेणु कुमारी
शिक्षिका

अजित कुमार पाठक
शिक्षक

गोविन्द सिंह
शिक्षक


सर्पदंश एक ऐसी समस्या है जिसके कारण भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हर साल बहुत से लोग मारे जाते हैं, और उससे भी गंभीर समस्या यह है कि लोग अंधविश्वास के कारण, जिसे साँप ने काटा है उसे तांत्रिकों के पास ही ले जाना पसंद करते हैं ताकि तंत्र-मंत्र की सहायता से उसका उपचार हो सके|

लेकिन जानने योग्य बात यह है कि सारे सांप विषैले नहीं होते; कुछ लोग सर्पदंश के डर से भी मर जाते हैं तो कुछ लोग तंत्र-मंत्र के चक्कर में अपना बहुमूल्य जीवन गवां बैठते हैं| अगर सांप किसी व्यक्ति को काटता है तो ऐसी स्थिति में हमें प्राथमिक चिकित्सा का सबसे पहले प्रबंध करना चाहिए एवं तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए| सांप के काटने पर इलाज उचित समय से मिले तो पीड़ित व्यक्ति को ठीक होने में कम समय लगता है|

❖ सांप के काटने का इलाज

1. रोगी को शांत कराएं एवं लिटा दें|
2. शरीर के जिस हिस्से पर सांप ने काटा है उसे अधिक नहीं हिलाएं |
3. व्यक्ति को स्थिर रखें ताकि जहर ना फैले|
4. घाव को पानी और साबुन से धोएं |
5. घाव को साफ़ पट्टी से ढकें |
6. घाव पर बर्फ या ठंडे पदार्थ का उपयोग ना करें और ना ही जहर को मुंह से निकालने का प्रयास करें|
7. सांप काटने के उपचार में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पीड़ित को यथाशीघ्र अस्पताल ले जाएं बजाए तांत्रिकों के पास ले जाने के, क्योंकि अस्पताल में सांप के विष को निष्क्रिय करने के लिए विषरोधी इंजेक्शन दिया जाता है| जितनी जल्द इंजेक्शन दिया जाएगा पीड़ित व्यक्ति पर उतना ही अधिक साकारात्मक प्रभाव होगा, जो उसका जीवन बचाने में सहायक होगा |

## प्रहेलिका

**‘‘एक चक्षुर्नकाकोऽयं बिलकमच्छन्न न पन्नगः।**
**क्षीयते वर्धतेचैव न समुद्रों न चन्द्रमाः।।**

**संग्रहण :- Monisha Kumari**
**Class : VIII/B**

**अर्थात्:- इसकी एक आँख है किन्तु कौआ नहीं है। सदा बिल में जाना चाहता है किन्तु साँप नहीं है। सदा घटता-बढ़ता है किन्तु न समुद्र है न चन्द्रमा ।बताएँ यह क्या है?**

**उत्तर:- (कपड़ा सिलनेवाली सुई)**



# मेरा विद्यालय

बनाही रोड शाहपुर पर मुड़ते ही, प्रख्यात एक विद्यालय है |
बच्चों को शिक्षित करने का, एक बड़ा मुख्यालय है ||
जहाँ पर घुसते ही अक्सर, एक शोर सुनाई पड़ती है |
छात्रों की संख्या का कोई, छोर ना दिखाई पड़ती है ||
कक्षाएँ सब खाली है, बस एक क्लास बतलाती है |
बात कर रहा हो जैसे कोई, ध्वनि अन्दर से आती है ||
भीतर जाने पर कोई, पहचान नहीं हो पाती है |
दो सीटों की बातचीत की, ध्वनि कानों तक आती है ||
एक सीट बोली दूजी से, हाय बड़े दिन बीत गए |
मेरे साथ जो रहते थे, वो साथी आखिर छूट गए ||
वो और उनके तीन दोस्त ही, मुझपर बैठा करते थे |
हंसी, पढाई, और लड़ाई, सबलोग मिलकर करते थे ||
दूजी बोली कि सब बच्चे, अब घर पर ही रहते हैं|
कोरोना के डर से सारे बच्चे अब नेट पर ही पढ़ते हैं ||
प्यारे बच्चे, नन्हें बालक, क्या घर पर पढ़ पाएंगे |
बचपन कहाँ जायेगा उनका, अगर स्कूल न आयेंगे ||
बच्चो को विकसित करने में, शिक्षा बहुत जरुरी है |
अब तो कोविड मिट जाये, बस यही कामना करते हैं ||

**ANNU KUMARI**
**Class : VI/ B**

**उक्ति--**

**"सत्यमुक्तम्-निरन्तरं श्रमेण असम्भवम् अपि कार्य सम्भवति।"**

**अर्थात्-"सत्य ही कहा गया है-निरंतर परिश्रम करने से असम्भव कार्य भी सम्भव हो जाते हैं।**

--- स्मृति



**संग्रहण :- Manisha Kumari**
**Class : VIII/B**



# देश प्रेम और राष्ट्र निर्माण

आजादी, आजादी का सही मतलब वही समझ सकता है जिसने कभी गुलामी किया हो| हम तो सौभाग्यशाली हैं कि हमने स्वतंत्र भारत में जन्म लिया है| मैं वर्तमान भारत के उदाहरणों से स्पष्ट करना चाहूंगा कि जब हम फिरंगीयों के फेरे में फंस गए थे, तब "रंग दे बसंती चोला" के नारों पर लोगों के टोले-के-टोले उमड़ आते थे और वह "वंदे मातरम्" के नारों से खून में उठने वाले तूफान, अंग्रेजी शासकों के जड़ों में भी तूफान उठा देता था| लोग फांसी तक चढ़ जाते थे और अपनी देशभक्ति साबित कर जाते थे|

लेकिन आज के परिवेश में मेरे विचार से अगर कोई व्यक्ति अपना काम, पूरी मेहनत, पूरी लगन और ईमानदारी से करें तो वही सबसे बड़ा देशभक्त है| मैं नहीं मानता कि फेसबुक और व्हाट्सएप के डीपी को तीन रंगों में रंगना ही देशभक्ति है और यदि आप कहेंगे कि साल में दो बार तिरंगा ले लेना देशभक्ति है तो मैं पूछना चाहूंगा कि फुटपाथ पर रहने वाला वह बच्चा ट्रैफिक पर कड़ी धूप में नंगे पांव जब तिरंगा बेच रहा होता है तो क्या आप उसको उसकी देशभक्ति कहेंगे? यह उसकी देशभक्ति नहीं बल्कि पेट की शक्ति है जो उसे ऐसा करने पर मजबूर करती है| हर एक देशद्रोही के जीवन में आने वाला तूफान ही हमारी सच्ची देशभक्ति है| लेकिन एक देशद्रोही से ज्यादा देशभक्ति तब आहत होती है जब एक बेटा अपने बूढ़े मां-बाप को वृद्धाश्रम छोड़ आता है| कराह उठती है वह देशभक्ति जब मुसीबत में फंसे लोगों की जान बचाने से ज्यादा हम वीडियो और सेल्फी लेते हैं| आज के इस दौर में हम एक ऐसे समाज में जीते हैं जहां महिलाओं को आहत किया जाता है, उनको उनके अधिकारों से वंचित किया जाता है| हम ऐसे समाज में जीते हैं जहां -

पत्थर की मूरत को लगते हैं छप्पन भोग|
और भूखे-नंगे सो जाते हैं जिंदा लोग ||

सही मायने में हमारा राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब स्वच्छता अभियान में केवल सरकार ही नहीं बल्कि सड़क पर चलने वाला हर व्यक्ति हाथ बटाएगा, भारत को स्वच्छ बनाने के लिए दिल से अपना कर्तव्य निभाएगा | असल में हमारा राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब इस देश में महिला की पूजा नहीं बल्कि महिलाओं की इज्जत एवं सम्मान की जाएगी| मेरे विचारों में राष्ट्र निर्माण तब संभव होगा जब एक गरीब बच्चा भोजन के लिए नहीं बल्कि शिक्षा के लिए सरकारी चौखट पर जाएगा| और इंतना ही नहीं जब मजदूर को मजदूर समझा जाएगा, मजबूर नहीं; गरीब को काम दीजिए, दान नहीं, अगर दान देने के इच्छुक हैं तो जीते जी रक्तदान कीजिए और मरने के बाद अंगदान करके किसी मरते हुए को जीवनदान दीजिए| यही सबसे सच्ची देशभक्ति है और राष्ट्रप्रेम है|

**विवेक यादव**
**वर्ग - X/C**



# बड़ों का मोल

एक बार एक अनुभवी ने कहा कि माँ वह बैंक है जिसमें हम अपने सारे दुख-सुख और भावनाओं को जमा कर सकते हैं तथा पिता वह क्रेडिट कार्ड है जिसमें पैसे ना होने पर भी वह हमारे सपने पूरे करते हैं| हमारी संस्कृति में बड़ों को एक मजबूत पेड़ के रूप में दर्शाया गया है जिसकी शाखाएं उनके बच्चे होते हैं| माता-पिता हर हाल में इन शाखाओं को सींचते हैं: प्यार से, जिम्मेदारी से, और कभी-कभी डांट कर भी| जन्म एक बच्चे का ही नहीं होता बल्कि माता-पिता और उनसे जुड़े सपनों का भी होता है| वह जितना हमारे लिए करते हैं शायद उतना हम उनके लिए नहीं कर सकते | बड़ों का सम्मान अमीरी या गरीबी से नहीं होता| उन्हें यदि एक रोटी मिलेगी तो वह पहले अपने बच्चों के बारे में ही सोचेंगे|

आज हम इन बातों को बहुत कम उम्र में ही भूल जाते हैं| अपने दोस्तों को तो रोज सुप्रभात बोलते हैं पर बड़ों को प्रणाम तक नहीं करते; उनकी याद सिर्फ पर्व वाले दिन ही आती है, वह भी बाहर की दुनिया से फुर्सत मिलने पर| शायद इसी कारण आज बच्चे बहुत जल्दी भावनाहीन हो जाते हैं| हमें यह सदा स्मरण रखना चाहिए कि कल जो किसी और का था, आज मेरा है और जो मेरा है, वह किसी और का या शायद तुम्हारा होगा|

**अंकिता कुमारी**
**शिक्षिका**



# पहेलियाँ (बुझों तो जाने)

1. एक मकान का रंग हरा है, सूर्य का प्रकाश पाकर उसका रंग पीला हो जाता है, उसके अन्दर जाने पर एक
   सफ़ेद मकान है, तो बताओ वह क्या है?
2. नाथल भैंस घर-घर घूमे | तो बताईए कि वह क्या है?
3. कौआ उड़ता है आकाश में, मगर रहता है कहाँ?
4. वह कौन सी चीज़ है जो किसी भी व्यक्ति को बिना मांगे ही मिलती है?

**उतर -** (1) केला (2) तराज़ू (3) पानी (4) धोखा

**Vikky Raj**
**Class : IX/A**



# नीति श्लोका:

गुरू ब्राह्मा गुरूर्विष्णुः गुरूर्देवो महेश्वर:।
गुरू साक्षात् परंब्रह्म तस्मै श्रीगुरवें नमः।।

--उपनिषद

प्रियवाक्यप्रदानेन सर्वें तुष्यन्ति जन्तवः।
तस्मात् प्रियं हि वक्तव्यं वचने का दरिद्रताः।।१।।

---चाणक्य-नीति

**अर्थात्ः**-प्रिय वचन बोलने से सभी जीव संतुष्ट हो जाते हैं, अतः प्रिय वचन ही बोलना चाहिए क्योंकि वचन की क्या दरिद्रता है? अर्थात् हमें कभी भी वचन से दरिद्र नहीं होना चाहिए।

उद्यमेन हि सिद्धयन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः।।२।।

---चाणक्य-नीति

**अर्थात्ः**-कठिन परिश्रम से हम किसी भी कार्य को पूरा कर सकते हैं, मन में योजना बनाने से नहीं क्योंकि सोए हुए सिंह के मुंह में कभी हिरण प्रवेश नहीं कर सकता।

रूप्यौवनसम्पन्नाः विशाल कुलसम्भवाः।
विद्याहीनाः न शोभन्ते निर्गन्धाः इव किंशुकाः।।३।।


---चाणक्य-नीति

**अर्थात्ः**- रूप यौवन से संपन्न और बड़े कुल में जन्म होते हुए भी यदि वह विद्या से हीन है तो वह शोभा का पात्र नहीं है।उसी तरह जिस तरह बिना सुगंध का किंशुक का फूल होता है जो देखने में काफी सुंदर दिखता है।

संग्रहण:-- **Nitu Kumari**
**Class :VIII/B**

# निर्मला शिक्षा भवन की छात्रा का अपने मित्र को पत्र






तिथि:15.2.2021

स्थान: शाहपुर

प्रिय मित्र रिया,

सप्रेम नमस्ते !

मैं यहां कुशल हूं और आशा करती हूं कि तुम भी सपरिवार कुशल होंगी | पत्र लिखने का आशय यह है कि मैं जिस विद्यालय में अभी पढ़ती हूं, वहां से जुड़ी बातें और इस विद्यालय की विशेषताओं के बारे में मैं तुम्हें बताना चाहती हूं|

25 अप्रैल 2017 की बात है जब मेरा इस विद्यालय में नामांकन हुआ था| पहली बार तो सभी सहपाठियों से मिलने या बात करने में डर लगा और लज्जा भी आयी| कुछ दिनों बाद मुझे अच्छा लगने लगा और मैं सभी के साथ घुलमिल गई| इस विद्यालय में आने से पूर्व मुझे उतनी अधिक जानकारी प्राप्त नहीं थी फिर भी एक शिक्षक के द्वारा मेरी हिंदी सुलेख की प्रशंसा की गई, जिससे मेरा मनोबल और बढ़ा; धीरे-धीरे मैं अपनी पढ़ाई में आगे बढ़ी| इस विद्यालय से मुझे बहुत सी बातों की शिक्षा मिली है| पठन-पाठन के साथ-साथ मुझे अन्य कलाओं की भी शिक्षा मिली है| यहां के सभी शिक्षक बहुत दयालु तथा अच्छे हैं; सभी को प्यार देते हैं| मुझे तो सभी शिक्षक और सभी सिस्टर्स बहुत ज्यादा प्यार देते हैं; हमेशा अच्छी और भली शिक्षा देते हैं|

बहुत से लोग ऐसे है जो जिस विद्यालय में पढ़ते हैं उसी विद्यालय का सम्मान करना नहीं जानते और विद्यालय की बुराई करते हैं| मेरी तो उन लोगों से प्रार्थना है कि जिस ज्ञान के मंदिर में हम सभी पढ़ते हैं एवं ज्ञान प्राप्त करते हैं, हमें उसका सम्मान करना चाहिए| मुझे इस विद्यालय से बहुत ज्ञान मिला है, जिसके लिए मैं पहले ईश्वर को और फिर इस महान विद्यालय को धन्यवाद देती हूँ और देती रहूंगी|

अंत में, मैं तुमसे कहना चाहूंगी कि जब कभी भी तुम्हें मौका मिले तो तुम खुद आकर मेरे विद्यालय की विशेषताओं के बारे में जानो| इतना कहकर मैं अपना पत्र समाप्त करती हूँ |

**तुम्हारी प्यारी मित्र**

**रानी कुमारी**

**वर्ग-X/B**



# बुराई से अच्छाई की ओर

किसी शहर में एक आदमी रहता था जिसका नाम अजय था| वह किसी पढ़े-लिखे बुजुर्ग के पास गया जिनकी वह बात मानता था| उसने कहा कि बाबा मुझमें तीन बुरी आदतें हैं, पहली शराब पीना, दूसरी चोरी करना और तीसरी झूठ बोलना |

मैं इन सब को एक ही बार छोड़ नहीं सकता| आप बताइए कि इन सब में सबसे बुरी आदत कौन सी है ताकि मैं उसे ही पहले छोड़ दूं| उस बुजुर्ग ने बताया कि झूठ बोलना छोड़ दो और हर रात की खबर मुझे तुम सुबह आकर बताना| उसने इसे बहुत आसान समझा| उसी समय से झूठ नहीं बोलने का इरादा कर लिया| जब रात हुई तब उसने सोचा कि चलो चलते हैं शराब पीने, लेकिन उसके दिल में ख्याल आया कि सुबह में बाबा के पास जाऊंगा और वह पूछेंगे कि आज रात तुमने क्या किया तो मैं क्या जवाब दूंगा? झूठ तो नहीं बोल सकता! सच कहूंगा तो लोग मेरी बुराई करेंगे| लोगों में मेरी बदनामी होगी, यह सोचकर वह शराब पीने से बाज आया| जब रात बहुत हुई तो उसने चोरी करने का इरादा किया| उस वक्त भी उसके दिल में ख्याल आया कि सुबह बाबा के पूछने पर झूठ कह नहीं सकता ! सच बोलूंगा तो माल हाथ से जाएगा और सजा भी मिलेगी| इस ख्याल का आना था कि चोरी से भी बाज़ आ गया| सुबह उस बुजुर्ग बाबा की ख़िदमत में हाजिर हुआ और बोला, "हे बाबा! आपने मुझसे ऐसी चीज छोड़ने का वादा करवा लिया कि जितनी बुरी आदतें मुझ में थी उस वादे की वजह से सब-की-सब छूट गईं| अब मैं आइंदा से सभी बुरी आदतों को छोड़ने का पक्का वादा करता हूं|" इस तरह एक भटका हुआ व्यक्ति, अच्छा व्यक्ति बन गया| उसकी बातों को सुनकर बुजुर्ग बाबा बहुत खुश हुए|

**नूरी परवीन**

**Class : IX/ B**





# सुभाषितानि

**सर्पदुर्जनयोः मध्ये वरं सर्पो न दुर्जनः।**
**सर्पोदषतिकालेन दुर्जनः तु पदे-पदे।1।**

**---चाणक्य-नीति**

**अर्थात्:-सर्प और दुर्जन इन दोनों में दुर्जन से साँप अच्छा है क्योंकि सर्प तो समय आने पर ही काटता है, लेकिन दुर्जन तो कदम-कदम पर काटता है अथवा नुकसान पहुंचाता है।**

**Madhu Kumari**
**Class :VIII/B**

**वन्धः पितामहाकाशो पूज्यामाताबसुन्धरा।**
**ध्येयंसदापरंब्रहम येनेदं धार्यतेऽखिलम्।।**

**--उपनिषद**

**अर्थात्:-पिता स्वरूप महान आकाश हमारे लिए वंदनीय है। मातास्वरूपा धरती पूजनीया हैं। वह परमेश्वर हमेशा ध्यान करने योग्य हैं, जिसने सम्पूर्ण संसार को धारण किया है।**

**Alisha Kerketta**
**Class :VIII/B**



# प्रेरणादायका: श्लोका:

विद्या मित्रं प्रवासेशु भार्यामित्रं गृहेषु च।
रूगणस्य चौषधं मित्रं धर्मोमित्रं मृतस्य च।1। ----चाणक्य-नीति

अर्थात्ः-दूसरे जगहों पर मित्र विद्या, घर में मित्र पत्नी, रोगी का मित्र औषधि (दवा) और मृत्यु के पश्चात् मित्र धर्म है।

अलसस्य कुतः विद्या अविधस्य कुतः धनम्।
अधनस्य कुतः मित्रम् अमित्रस्य कुतः सुखम्।2।---चाणक्य-नीति

अर्थात्ः-आलसी को विद्या कहां से, विद्या से हीन व्यक्ति को धन कहां से, धन से हीन व्यक्ति को मित्र कहां से, और मित्र के बिना सुख कहां से प्राप्त हो सकता है?

सहसाविदधीत न क्रियामविवेकः परमापदांपदम्।
वृणते हि विमृष्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेवसंपदः।3। --उपनिषद

अर्थात्ः-अचानक कोई कार्य नहीं करना चाहिए क्योंकि विवेकहीनता बड़ी विपत्तियों का घर होती है।जो व्यक्ति सोच-समझकर कार्य करता है, गुणों से आकर्षित होने वाली लक्ष्मी स्वयं ही उसका चुनाव कर लेती है।

वाणी रसवती यस्य, यस्य श्रमवती क्रिया।
लक्ष्मीः दानवती यस्य, सफलंतस्य जीवितं।4। --उपनिषद

अर्थात्ः-जिस मनुष्य की वाणी मीठी है, जिसका कार्य परिश्रम से युक्त है, जिसका धन दान के उपयोग में लाया जाता है, उसका जीवन सफल है।

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलं।5। --चाणक्य-नीति

अर्थात्ः-जो बड़ों को प्रणाम तथा वृद्धों की सेवा करता है, उसकी चार चीजें बढ़ती हैं-आयु, विद्या, यश और बल।

न चौरहार्यं न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धन्ते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।6। –विद्यया महत्वम्


अर्थात्ः-न चोर चुरा सकता है और न राजा छीन ही सकता है, न भाई बांट सकता है और प्राप्त करने से बोझ भी नहीं होता। खर्च करने से लगातार बढ़ता जाता है, इस प्रकार विद्यारूपी यह धन सचमुच श्रेष्ठ धन है।

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थोमहानरिपुः।
नास्त्युद्यमसमोबन्धुः कृत्वा यं नावसीदति।7। --चाणक्य-नीति

अर्थात्ः-व्यक्ति का सबसे बड़ा दुश्मन आलस्य होता है।व्यक्ति का परिश्रम ही उनका सच्चा मित्र होता है, क्योंकि जब मनुष्य परिश्रम करता है तो वह दुखी नहीं होता है और हमेशा खुश ही रहता है।

**Namrata Kumari**
**Class :VIII / B**


# Difference between Ancient and Modern Education



**The qualities of Indian education system in ancient time.**

i. **A gurukul was a type of spiritual education system in ancient India with Shishya living near or with spiritual guru in his house.**

ii. **In this system the students are taught religious principles as a way of living.**



**The qualities of Western education system are:**

i. **The ideal class is a positive place where students can come to work towards specific goals set before them in the classroom**

ii. **The students are taught science, technology, language, mathematic and other skills**



**Gyan Prakash**
**Class : VIII/C**



# हमारी बेटियाँ

बेहद नटखट, बेहद चंचल, सुखदायी सी होती हैं "बेटियाँ"।
कोमल सा हृदय रखती हैं
मनभावन सी होती हैं ''बेटियाँ''।
बात-बात पर रूठ जाती हैं
बिन बात भी रोती हैं,
इतनी भोली होती हैं ''बेटियाँ''।
पूरा घर सुवासित हो उठता है
जब खिलखिलाती हैं ''बेटियाँ''।
अजब सी वेदना होती है, जब विदा होती हैं ''बेटियाँ''।
तब शून्य की गहराईयों में समा जाता है,
घर-आंगन सभी को मायूस कर जाती हैं ''बेटियाँ''।
उन्हें देखकर मिलती है असीम खुशी की झलक
पिता की प्यारी होती हैं "बेटियाँ"|
ये हम नहीं कहते, ये तो खुदा कहता है
जब मैं बहुत खुश होता हूँ
तो किसी घर में पैदा होती हैं ''बेटियाँ''।
प्यारी बेटियाँ सबकी दुलारी ''बेटियाँ''।

सत्य प्रकाश मसीह
शिक्षक



## श्लोकामृत:

यस्तु संचरते देशान यस्तुसेवेत् पण्डिताः।
तस्य विस्तारिता बुद्धिस्तैलबिन्दुरिवाम्भसि।1।

--उपनिषद

अर्थात्:-मित्र देशों मे यात्रा करने वाले और विद्वानों के साथ संबंध रखने वाले व्यक्ति की बुद्धि उसी तरह बढ़ती है, जैसे तेल की एक बूंद पानी में फैलती है।

Inseted by:Anjali Kumari
Class : VIII/B



# विद्यार्थी

रात - रात  भर जो न सोया, पढाई कर
परीक्षा के समय आँसू रोया, विद्यार्थी उसका नाम
जीवन में जिसका बस पढ़ना ही काम
स्कूल ही उसकेलिए चारों धाम
शिक्षक हैं उसके लिए अल्ला  राम
हाँ ठीक समझ रहे हैं ..........2
विद्यार्थी हैं उस अदभुत  जीवन का नाम
माता - पिता का यही है कहना
"बेटा जम  कर मेहनत करना"
पहले साल भर रहते थे मस्त
अब नए system ने कर दिया पस्त
आगे पूछो विद्यार्थी का हाल
बदल गयी विद्यार्थी की चाल
भौतिकी  के बदल गये नियम
रसायन  भी लगे कठिन
इस विज्ञान से रक्षा करो नारायण
बुद्धि कर रही हैं पलायन
विद्यार्थी हैं उसका नाम|

**Abhay Kumar Bhatt**
**Teacher**

**अपने विचारों पर ध्यान दो क्योंकि वह तुम्हारे शब्द बनेंगे। अपने शब्दों पर ध्यान दो क्योंकि वह तुम्हारे कर्म बनेंगे और कर्मों पर ध्यान दो क्योंकि वह तुम स्वयं बनोगे।**

**--- तथागत गौतमबुद्ध**

# NSB - OUTGOING BATCH- 2021

**Class: X/A**



**Class: X/B**



**Class: X/C**



# Art by NSB Students



# Mary Word Week 2020-21












## Blessing and inauguration of the new School Building





**Fairwell – Sr.Gemma C.J.**



**Science Lab**



**NSB Teachers**



**Computer Lab**



Library



Computer Lab



Teachers' Day Celebration













***THANK YOU***